पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020 का समापन

राज्यपाल ने विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया

लखनऊः 27 दिसम्बर, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में 20 दिसम्बर, 2020 से चल रही 'राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020' के समापन अवसर पर आज विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

इन हाउस राजभवन खेल प्रतियोगिता 2020 में क्रिकेट, वालीबॉल, वालीबॉल सूटिंग, बैडमिंटन, कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज, 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, ट्राफी दौड़, जूडो, जूडो रेस, म्यूजिकल चेयर, मटका दौड़, रस्सा-कसी, बैलून गेम, क्रिकेट बाल थ्रो, लेमन एण्ड स्पून रेस तथा बच्चों की जलेबी रेस का आयोजन हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में कुल 323 प्रतिभागियों ने सहभाग किया। यह खेल प्रतियोगिता गत वर्ष से राज्यपाल की प्रेरणा से आयोजित हो रही है।

पुरस्कार वितरण के बाद अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस प्रतियोगिता में छोटे बच्चों से लेकर राजभवन की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा अपनी-अपनी खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल एवं व्यायाम से हमारा तन एवं मन स्वस्थ रहता है। खेल से हमारे जीवन में अनुशासन तथा मिलकर कार्य करने की भावना का संचार होता है। राज्यपाल ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा जूडो में भाग लेने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि यह नारी सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे प्रयास लगातार चलते रहने चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने यह भी घोषणा की कि राजभवन के खिलाड़ियों की उत्कृष्ट टीमों को राजभवन के बाहर खेलने के अवसर प्रदान किये जाएंगे। राज्यपाल ने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित करते रहें। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुये कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे आगे भी इसी तरह का प्रयास करते रहेंगे जिससे उन्हें विभिन्न खेलों में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

इस अवसर पर प्रदेश के खेल मंत्री श्री उपेन्द्र तिवारी ने राजभवन में हुई खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की प्रशंसा की तथा कहा कि इस प्रकार की

प्रतियोगिताएं हमेशा होती रहनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रोत्साहन कि अनेक कदम उठाये गये हैं और अब ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थलों पर 39 स्टेडियम बनाये गये हैं। जहां पर बच्चों को खेल से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री हितेश चन्द्र अवस्थी, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री केयूर सम्पत एवं अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुश्री स्वाति सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं राजभवन के अध्यासी उपस्थित थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (100/18)

राजभवन खेल
प्रतियोगिता

राजभवन खेल